Regarding construction of airport in Malda district, West Bengal- laid

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): मैं माननीय मंत्री महोदय नागरिक उड्डयन का ध्यान मेरे जिले मालदा में हवाई अड्डे के निर्माण की ओर दिलाना चाहता हूं। मालदा पश्चिम बंगाल का महत्वपूर्ण शहर है। जहां केंद्र सरकार के कार्यालय, रेलवे डिवीजन, बीएसएफ कैंप, दो केंद्रीय विद्यालय, एनटीपीसी पावर ग्रिड के अलावा व्यापारिक गतिविधियां भी हैं। यहां के नागरिकों की सबसे बड़ी समस्या वायु यातायात की है। यहां से निकटतम हवाई अड्डे बागडोगरा और कोलकाता हैं। मालदा से बागडोगरा की दूरी 250 किलोमीटर तथा कोलकाता की दूरी 350 किलोमीटर है। देश में बहुत कम ऐसे क्षेत्र हैं जहां किसी एक शहर से हवाई अड्डे इतनी दूरी पर है। इसलिए इमरजेंसी सेवाओं में चिकित्सा हेतु भी इसकी परम आवश्यकता है। अतः इन परिस्थितियों में मालदा में हवाई परिवहन सेवा हेतु हवाई अड्डे का निर्माण आवश्यक है। इस हेतु यह सुझाव देना चाहता हूं कि पुराने हवाई अड्डे के नवीनीकरण से भी इस समस्या का समाधान हो सकता है। अत: मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि मालदा को हवाई यातायात के नक्शे पर जोड़ने की कृपा करें।

धन्यवाद।